# उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन लिमिटेड
(उ0प्र0 सरकार का उपक्रम)
**U.P POWER CORPORATION LIMITED**
**(Govt. of Uttar Pradesh Undertaking)**
शक्ति भवन, 14 अशोक मार्ग, लखनऊ।
CIN : U32201UP1999SGC024928


संख्या–268–ज0श0 एवं प्र0सु0–01/पाकालि/2018–08–ज0श0 एवं प्र0सु0/2017, दिनाँक : 28.03.2018

## कार्यालय ज्ञाप

उ0प्र0 पावर कारपोरेशन लि0 में कार्य संस्कृति के सुधार तथा सकारात्मक वातावरण विकसित किये जाने के उद्देश्य से कार्यालय ज्ञाप संख्या–101–ज0श0 एवं प्र0सु0–01/पाकालि/2018–08–ज0श0 एवं प्र0सु0/2017, दिनाँक 25.01.2018 द्वारा निर्धारित "Staff Motivation and Empowerment Schemes" का क्रियान्वयन निम्नवत किया जायेगा :–.

a. "Staff Motivation and Empowerment Schemes" में निहित प्रथम योजना "Spot Recognition Scheme" केवल डिस्कॉम्स/केस्कों के खण्डीय कार्यालयों के लिये होने के कारण इसका क्रियान्वयन डिस्कॉम्स/केस्कों के खण्डीय कार्यालयों द्वारा ही किया जायेगा, जिसके सम्बन्ध में आवश्यक निर्देश उक्त स्कीम में ही निहित हैं।

b. "Staff Motivation and Empowerment Schemes" में निहित द्वितीय योजना "Birthday Celebration Scheme" का क्रियान्वयन निम्नवत किया जायेगा :–

(i) उ0प्र0 पावर कारपोरेशन लि0 (मुख्यालय/कारपोरेट इकाइयों)/डिस्कॉम्स/केस्को में कार्यरत अधिकारियों/कर्मचारियों हेतु उपहारों (Gifts) एवं बधाई–कार्ड्स (Birthday Cards) के क्रय, वितरण से पूर्व उनके भण्डारण (Storage) एवं वितरित करने हेतु सम्बन्धित इकाईयों को सौंपे जाने (Deliver) की व्यवस्था विद्युत अनुरक्षण इकाई, उ0प्र0 पावर कारपारेशन लि0, शक्ति भवन/शक्ति भवन विस्तार, लखनऊ द्वारा की जायेगी। उ0प्र0 पावर कारपोरेशन मुख्यालय में कार्यरत अधिकारियों/कर्मचारियों हेतु उपहारों (Gifts) एवं बधाई–कार्ड्स (Birthday Cards) को विद्युत अनुरक्षण इकाई द्वारा संयुक्त सचिव (स0प्र0), उ0प्र0 पावर कारपोरेशन लि0 को सौंपा (Deliver) जायेगा तथा संयुक्त सचिव (स0प्र0) द्वारा इन्हें विद्युत अनुरक्षण इकाई से प्राप्त कर सम्बन्धित अधिकारियों/कर्मचारियों में इनका वितरण सुनिश्चित कराया जायेगा। कारपोरेट इकाइयों/डिस्कॉम्स/केस्को में कार्यरत अधिकारियों/कर्मचारियों हेतु उपहारों (Gifts) एवं बधाई–कार्ड्स (Birthday Cards) को विद्युत अनुरक्षण इकाई द्वारा सम्बन्धित इकाई प्रमुख (कारपारेट इकाइयों/डिस्कॉम्स/केस्को के प्रमुख) को सौंपा (Deliver) जायेगा तथा सम्बन्धित इकाई प्रमुखों द्वारा इन्हें विद्युत अनुरक्षण इकाई से प्राप्त कर अपने–अपने नियंत्रणाधीन कार्यरत अधिकारियों/कर्मचारियों में इनका वितरण सुनिश्चित कराया जायेगा।

(ii) उ0प्र0 पावर कारपोरेशन लि0 (मुख्यालय/कारपोरेट इकाइयों)/डिस्कॉम्स/केस्को में कार्यरत अधिकारियों/कर्मचारियों के नाम, पदनाम, तैनाती स्थल, जन्म–तिथि, सेवानिवृत्ति की तिथि, मोबाईल नं0 आदि आवश्यक सूचनाऐं संयुक्त सचिव (स0प्र0), उ0प्र0 पावर कारपोरेशन लि0 एवं कारपोरेट इकाईयों/डिस्कॉम्स/केस्को के प्रमुखों से एकत्रित करके सम्बन्धित अधिकारियों/कर्मचारियों के जन्मदिन (Birthday) पर मोबाइल फोन से शुभकामना संदेश (SMS) अध्यक्ष, उ0प्र0 पावर कारपोरशन लि0 की ओर से भेजने की व्यवस्था कम्प्यूटराइजेशन इकाई, उ0प्र0 पावर कारपारेशन लि0, शक्ति भवन/शक्ति भवन विस्तार, लखनऊ द्वारा की जायेगी।

c. "Staff Motivation and Empowerment Schemes" में निहित तृतीय योजना "Annual Awards Scheme" का क्रियान्वयन उ0प्र0 पावर कारपोरेशन लि0 (मुख्यालय/कारपोरेट इकाइयों), डिस्कॉम्स एवं केस्को द्वारा पृथक–पृथक रूप से किया जाना वांछित है। डिस्कॉम्स एवं केस्को द्वारा इस योजना (Annual Awards Scheme) का क्रियान्वयन उनके स्तर से किया जायेगा, जिसके लिये आवश्यक निर्देश उक्त योजना में ही निहित हैं।

क्रमशः..................2

आर.के.गुप्ता

इस योजना का क्रियान्वयन उ0प्र0 पावर कारपोरेशन लि0 मुख्यालय/कारपोरेट इकाइयों के स्तर पर निम्नवत् किया जायेगा :–

(i) उ0प्र0 पावर कारपोरेशन मुख्यालय/कारपोरेट इकाइयों के वार्षिक पुरस्कारों (Annual Awards) में प्रथम पुरस्कार "Employee of the Year", द्वितीय पुरस्कार "Tower of Year" एवं तृतीय पुरस्कार "Pillar of the Year" हेतु प्रत्येक वर्ष 03 अधिकारियों एवं 03 कर्मचारियों का अलग–अलग चयन कार्यालय ज्ञाप संख्या–267–ज0श0 एवं प्र0सु0–01/पाकालि/2018–08–ज0श0 एवं प्र0सु0/2017, दिनाँक 28.03.2018 के माध्यम से गठित चयन समिति द्वारा किया जायेगा। उक्त चयन समिति प्राप्त प्रस्तावों का गुणावगुण के आधार पर (On Merits) परीक्षण करके वार्षिक पुरस्कारों हेतु अध्यक्ष, उ0प्र0 पावर कारपोरेशन लि0 के समक्ष अपनी संस्तुतियां प्रस्तुत करेगी तथा उक्त पुरस्कारों हेतु अधिकारियों/कर्मचारियों के चयन का निर्णय अध्यक्ष, उ0प्र0 पावर कारपोरेशन लि0 द्वारा लिया जायेगा।

(ii) उ0प्र0 पावर कारपोरेशन मुख्यालय/कारपोरेट इकाइयों में वार्षिक पुरस्कारों (Annual Awards) हेतु सम्बन्धित नियंत्रक अधिकारियों द्वारा अपने अधीनस्थ अधिकारियों/कर्मचारियों के नाम, पदनाम व तैनाती आदि का विवरण इंगित करते हुये औचित्य सहित प्रस्ताव संयुक्त सचिव (स0प्र0), उ0प्र0 पावर कारपोरेशन लि0 को उपलब्ध कराया जायेगा। संयुक्त सचिव (स0प्र0), उ0प्र0 पावर कारपोरेशन लि0 द्वारा उक्तानुसार प्राप्त प्रस्तावों को एकत्रित करके कार्यालय ज्ञाप संख्या–267–ज0श0 एवं प्र0सु0–01/पाकालि/2018–08–ज0श0 एवं प्र0सु0/2017, दिनाँक 28.03.2018 द्वारा गठित चयन समिति को बिना किसी निष्कर्ष/संस्तुति के यथावत प्रस्तुत किया जायेगा। चयन समिति उपरोक्तानुसार चयन करके अपनी संस्तुतियां अध्यक्ष, उ0प्र0 पावर कारपोरेशन लि0 के समक्ष प्रस्तुत करेगी। अध्यक्ष, उ0प्र0 पावर कारपोरेशन लि0 द्वारा निर्णय जाने पर सम्बन्धित प्रमाण पत्र (Certificates of Recongnition) प्रदान कराने की व्यवस्था तथा लेखा शाखा के माध्यम से प्रश्नगत पुरस्कारों की धनराशि के भुगतान कराये जाने की कार्यवाही संयुक्त सचिव (स0प्र0), उ0प्र0 पावर कारपोरेशन लि0 द्वारा की जायेगी।

**अध्यक्ष**
**उ0प्र0 पावर कारपोरेशन लि0**

**<u>संख्या–268(i)–ज0श0 एवं प्र0सु0–01/पाकालि/2018, तद्दिनांक</u>**

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. निजी सचिव, अध्यक्ष, उ0प्र0 पावर कारपोरेशन लि0, शक्ति भवन, लखनऊ।
2. निजी सचिव, प्रबन्ध निदेशक, उ0प्र0 पावर कारपोरेशन लि0, शक्ति भवन, लखनऊ।
3. अपर पुलिस महानिदेशक (सतर्कता), उ0प्र0 पावर कारपोरेशन लि0, शक्ति भवन विस्तार, लखनऊ।
4. समस्त निदेशकगण, उ0प्र0 पावर कारपोरेशन लि0, शक्ति भवन, लखनऊ।
5. मुख्य अभियन्ता (जल–विद्युत), उ0प्र0 पावर कारपोरेशन लि0, शक्ति भवन विस्तार, लखनऊ।
6. अपर सचिव (प्रथम/द्वितीय/तृतीय), उ0प्र0 पावर कारपोरेशन लि0, शक्ति भवन, लखनऊ।
7. प्रबन्ध निदेशक, पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम लि0, वाराणसी/पश्चिमाँचल विद्युत वितरण निगम लि0, मेरठ/दक्षिणाँचल विद्युत वितरण निगम लि0, आगरा/मध्यांचल विद्युत वितरण निगम लि0, लखनऊ/केस्को, कानपुर।
8. अध्यक्ष, विद्युत सेवा आयोग, उ0प्र0पा0का0लि0, एस0एल0डी0सी0 परिसर,निकट मंत्री आवास, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ।
9. समस्त मुख्य अभियन्ता (स्तर–I एवं स्तर–II)/मुख्य महाप्रबन्धक/महाप्रबन्धक, उ0प्र0पावर कारपोरेशन लि0।
10. समस्त संयुक्त सचिव/अधीक्षण अभियन्ता/उपमहाप्रबन्धक, उ0प्र0पा0का0लि0, लखनऊ।
11. अधीक्षण अभियन्ता (कम्प्यूटराइजेशन इकाई), उ0प्र0 पावर कारपोरेशन लि0, लखनऊ।
12. समस्त उप सचिव/अनु सचिव, उ0प्र0 पावर कारपोरेशन लि0, शक्ति भवन, लखनऊ।
13. कम्पनी सचिव, उ0प्र0 पावर कारपोरेशन लि0, शक्ति भवन विस्तार, लखनऊ।
14. लेखाधिकारी (वेतन एवं लेखा), उ0प्र0 पावर कारपोरेशन लि0, शक्ति भवन विस्तार, लखनऊ।
15. अधिशासी अभियन्ता (विद्युत अनुरक्षण इकाई), उ0प्र0पा0का0लि0, शक्ति भवन/शक्ति भवन विस्तार, लखनऊ।
16. अधिशासी अभियन्ता (वेब), शक्ति भवन, लखनऊ को उ0प्र0 पावर कारपोरेशन लि0 की वेबसाईट www.uppcl.org पर "Orders" एवं "Right to Information" शीर्षक के अन्तर्गत अपलोड करने हेतु/नोटिस बोर्ड।

**आज्ञा से,**
आर.के. गुप्ता
**(आर0के0 गुप्ता)**
**<u>संयुक्त सचिव (ज0श0 एवं प्र0सु0)</u>**